# Daily Current Affairs

Date : 09 October, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | किसानों के लिए 'नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम' |
| 2. | राजीविका की 'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' पहल |
| 3. | सार्जेंट सुरेंद्र मोगा : वायु सेना पदक (मरणोपरांत) |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. RSCERT शासी परिषद की बैठक : उदयपुर<br>2. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60(सी)<br>3. राजस्थान सबजूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप<br>4. अजमेर के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी और सिटी लॉजिस्टिक प्लान<br>5. ग्रैपलिंग विश्व चैंपियनशिप में राजस्थान की पिंकी शर्मा का चयन |
| 5. | ऑपरेशन हैची-VI |
| 6. | भारत में आर्द्रभूमियों का कानूनी संरक्षण |
| 7. | सुपरमून (Supermoon) |
| 8. | WISPIT 2b – प्रोटोप्लेनेट |
| 9. | पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना |
| 10. | रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना- 2021 |
| 11. | भौतिकी का नोबेल पुरस्कार: 2025 |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. INS आन्द्रोथ<br>2. मास्को फॉर्मेट |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## किसानों के लिए 'नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम'

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार के 'नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम' के तहत हाल ही में राज्य के 38 प्रगतिशील किसानों का पहला दल कोपेनहेगन (डेनमार्क) पहुँचा।



### मुख्य बिन्दु:

- राज्य सरकार के तीन मंत्रियों; जोराराम कुमावत, ओटाराम देवासी और जवाहर सिंह बेढम द्वारा इस दल का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।
- राज्य के कृषकों की आय के मूल स्रोत कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन में नवाचार के मद्देनजर प्रथम चरण में डेनमार्क का दौरा तय किया गया है, जिसके तहत किसानों को कृषि एवं डेयरी क्षेत्र में डेनमार्क में हो रहे नवाचारों की जानकारी मिल सकेगी।
- ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के तहत किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए 'नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम' संचालित किया जा रहा है।
- इस प्रोग्राम के अंतर्गत राजस्थान के किसानों को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न देशों का भ्रमण करवाया जाएगा।
- इस एक्सपोजर विजिट में किसान नवीनतम तकनीकों एवं नवाचार के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **02 अगस्त, 2025 को बाँसवाड़ा में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी की गई।**
- **बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय 'किसान सम्मान समारोह' के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा निम्न केंद्रों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।**
- **पपीता उत्कृष्टता केन्द्र : बहरावण्डा (दौसा),**
- **मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र : देवड़ावास (टोंक),**
- **उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र : खेमरी (धौलपुर)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजीविका की ‘उन्नति इन्क्यूबेशन हब’ पहल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा ‘उन्नति इन्क्यूबेशन हब’ पहल के तहत दो संस्थाओं; रुमा देवी फाउंडेशन और ARCH कॉलेज ऑफ डिज़ाइन एंड बिजनेस के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

## मुख्य बिन्दु:

- **'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' पहल का उद्देश्य :** ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन एवं सतत आजीविका सृजन को सुदृढ़ करना।
- **राजीविका और रुमा देवी फाउंडेशन MoU :** इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएँ संयुक्त रूप से महिलाओं के कौशल उन्नयन, उद्यमिता प्रोत्साहन तथा बाज़ार तक पहुँच सुदृढ़ करने के लिए कार्य करेंगी, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकें और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंचों तक पहुँचाने में सहयोग प्राप्त हो सके।

**राजीविका और ARCH कॉलेज ऑफ डिज़ाइन एंड बिजनेस MoU :**

- इस समझौते के तहत राजस्थान के ग्रामीण कलाकारों एवं स्वयं सहायता समूह (SHGs) की महिला सदस्यों के लिए उत्पाद डिज़ाइन, विकास एवं बाज़ार उपयुक्तता को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अंतर्गत दोनों संस्थाएँ अनुसंधान, डिज़ाइन अवधारणा, प्रोटोटाइप निर्माण, ब्रांडिंग एवं क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करेंगी, जिससे सतत आजीविका को बढ़ावा मिल सके और ग्रामीण महिला कारीगरों को सशक्त बनाया जा सके।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

**राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAVP) या राजीविका**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (RGAVP) या राजीविका की स्थापना वर्ष 2010 में राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह राजस्थान सोसायटी अधिनियम - 1958 के तहत पंजीकृत सोसायटी है।
- **अध्यक्ष :** मुख्यमंत्री।

**उद्देश्य:**

- ग्रामीण विकास के लिए की जा रही सरकारी और गैर-सरकारी पहलों के बीच प्रभावी अभिसरण लाना।
- स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक संगठनों, सामुदायिक विकास संगठनों, स्वयं सहायता समूहों के महासंघों के गठन और सुदृढ़ीकरण में सहायता करना।
- गरीबों की आय बढ़ाने के लिए कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में लघु और सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देना।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सार्जेंट सुरेंद्र मोगा : वायु सेना पदक (मरणोपरांत)

## चर्चा में क्यों?

- 93वें वायु सेना दिवस के अवसर पर झुँझुनूँ के शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को मरणोपरांत भारतीय वायु सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- उन्हें यह सम्मान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर आयोजित 93वें वायु सेना दिवस पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह द्वारा दिया गया।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय वायु सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए चिकित्सा सहायक सार्जेंट सुरेंद्र मोगा के सम्मान में दिल्ली में वायु सेना अस्पताल के एक हॉल का नाम बदलकर 'सुरेंद्र हॉल' किया गया है।
- सार्जेंट सुरेंद्र मोगा मई, 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद शहीद हो गए थे।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

#### 93वाँ वायु सेना दिवस

- 8 अक्टूबर, 2025 को भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- **मुख्य आयोजन :** हिंडन एयरबेस, गाजियाबाद।

#### भारतीय वायु सेना (IAF):

- **स्थापना -** 8 अक्टूबर, 1932
- **मुख्यालय -** नई दिल्ली।
- **वायु सेना प्रमुख -** एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह।
- **आदर्श वाक्य –** ‘नभ: स्पृशं दीप्तम्’ (श्रीमद्भगवद्गीता से उद्धृत)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **RSCERT शासी परिषद की बैठक : उदयपुर**<br>■ हाल ही में, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (RSCERT) की शासी परिषद की बैठक उदयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।<br>■ राजस्थान सरकार द्वारा गठित महरोत्रा समिति की सिफारिश के अनुसार विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक उन्नयन के लिए 11 नवंबर, 1978 को उदयपुर में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना की गई थी। |
| 2. | **जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60(सी)**<br>■ हाल ही में, अंता (बाराँ) विधानसभा उपचुनाव-2025 के संबंध में निर्वाचन आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60(सी) के अंतर्गत एक अधिसूचना जारी की।<br>■ इस अधिसूचना के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता तथा मानक दिव्यांगता वाले मतदाता डाक मतपत्र (Postal Ballot) के माध्यम से अपना मत दे सकेंगे।<br>■ अंता विधानसभा क्षेत्र में 1 अक्टूबर, 2025 तक कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 1013 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं।<br>■ भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त : ज्ञानेश कुमार।<br>■ राजस्थान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त : राजेश्वर सिंह।<br>■ राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी : नवीन महाजन। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **राजस्थान सबजूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप**<br>▪ **आयोजन :** हनुमानगढ़।<br>▪ **गर्ल्स विनर :** जयपुर ने हनुमानगढ़ को 26-21 से हराया।<br>▪ **बॉयज विनर :** बीकानेर ने श्री गंगानगर को 25-22 से हराया।<br>▪ **बेस्ट प्लेयर :** एकता कंवर (जयपुर) और गोविंद (बीकानेर) – दोनों खिलाड़ियों को अमृत कुमार नाटा और इरफान अली गौड़ स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। |
| 4. | **अजमेर के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी और सिटी लॉजिस्टिक प्लान**<br>▪ हाल ही में, केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CRRI) ने अजमेर विकास प्राधिकरण की मांग पर अजमेर के बाहरी क्षेत्र में 7 स्थानों पर ट्रैफिक सर्वे किया।<br>▪ **कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (CMP) :** अजमेर शहर और आसपास के क्षेत्रों में कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (CMP) को व्यवस्थित ट्रैफिक संचालन के लिए मार्च, 2026 तक लागू किया जाएगा।<br>▪ **सिटी लॉजिस्टिक प्लान :** अजमेर शहर के लिए सिटी लॉजिस्टिक प्लान तैयार किया जाएगा, जो कार्गो और इंडस्ट्री से जुड़े ट्रांसपोर्ट व्यापार को व्यवस्थित करेगा। यह योजना बेंगलुरु मॉडल पर आधारित होगी।<br>▪ इस योजना में अजमेर, पुष्कर और किशनगढ़ को शामिल किया गया है।<br>▪ **उद्देश्य :** ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स प्रणालियों को प्रभावी ढंग से व्यवस्थित और प्रबंधित करना ताकि शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो सके। |
| 5. | **ग्रैपलिंग विश्व चैंपियनशिप में राजस्थान की पिंकी शर्मा का चयन**<br>▪ नोवी साद (सर्बिया) में आयोजित होने वाली ग्रैपलिंग विश्व चैंपियनशिप में जयपुर की पिंकी शर्मा का 58 किग्रा भार वर्ग में चयन हुआ।<br>▪ **प्रतियोगिता का आयोजन :** 14 से 16 अक्टूबर, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ऑपरेशन हैची-VI

### चर्चा में क्यों?

- CBI ने इंटरपोल के ऑपरेशन हैची-VI के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधों में शामिल आठ बड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया है।




### मुख्य बिन्दु:

**ऑपरेशन हैची-VI**

- इसे रिपब्लिक ऑफ कोरिया से वित्तीय सहायता प्राप्त है।
- यह विभिन्न प्रकार के अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए वैश्विक अभियानों की सीरीज का छठा चरण है।

**उद्देश्य:**

- अवैध वित्तीय लेनदेन को बाधित करना, अपराधियों को गिरफ्तार करना और साइबर-आधारित वित्तीय अपराधों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना है।
- **यह अभियान पांच प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड से निपटता है:** निवेश से संबंधित धोखाधड़ी, रोमांस स्कैम, अवैध ऑनलाइन गैंबलिंग से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन और वॉयस फिशिंग।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## भारत में आर्द्रभूमियों का कानूनी संरक्षण

### चर्चा में क्यों?

- सुप्रीम कोर्ट ने नागपुर की फुटाला झील को आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के रूप में वर्गीकृत करने से इनकार कर दिया। शीर्ष न्यायालय के अनुसार यह मानव-निर्मित जल निकाय है जिसे सिंचाई कार्य के लिए बनाया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

**सुप्रीम कोर्ट के निर्णय**

- न्यायालय ने कहा कि 2017 के नियमों के तहत आर्द्रभूमि की परिभाषा में सिंचाई, जलीय कृषि, नमक उत्पादन और मनोरंजन के उद्देश्यों के लिए मानव-निर्मित जल निकाय शामिल नहीं हैं।
- **अन्य अपवाद:** नदी चैनल, धान के खेत, तथा वे आर्द्रभूमियां जो निम्नलिखित अधिनियमों/ अधिसूचनाओं के अंतर्गत आती हैं, उन्हें भी आर्द्रभूमि संरक्षण नियम 2017 में शामिल नहीं किया गया है:
  - वन अधिनियम, 1927
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972
  - तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2011
- **संरक्षण की अनिवार्यता:** हालांकि, न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे जल निकायों को व्यापक लोक न्यास सिद्धांत और संविधान के अनुच्छेद 21 (स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार) के अनुसार संरक्षित किया जाना चाहिए।
- **लोक न्यास सिद्धांत (Public Trust Doctrine):** यह सिद्धांत मानता है कि सभी साझा प्राकृतिक संसाधन राज्य यानी सरकार के पास लोक न्यास के रूप में रखे गए हैं और राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह उनका संरक्षण करें।



उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## सुपरमून (Supermoon)

### चर्चा में क्यों?

- 7 अक्टूबर, 2025 की रात को सुपरमून दिखाई दिया और नवंबर-दिसंबर में दो और सुपरमून देखने को मिलेंगे।




### मुख्य बिन्दु:

**परिभाषा:**

- सुपरमून तब होता है जब पूर्णिमा या अमावस्या के दौरान चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट अपनी दीर्घवृत्ताकार कक्षा में आता है। इसे "पेरिगी" कहा जाता है।
- चंद्रमा की कक्षा पूर्ण वृत्ताकार न होने के कारण, पृथ्वी से उसकी दूरी पूरे महीने में लगभग 50,000 किमी बदलती रहती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- जब चंद्रमा पेरिगी के निकट होता है और सूर्य के ठीक विपरीत होता है, तो पूर्णिमा अपने सामान्य आकार से 14% बड़ी और 30% अधिक चमकीली दिखाई देती है। इसे सुपरमून कहते हैं।

**सुपरमून के प्रभाव:**

- **चमक और आकार में परिवर्तन:** सुपरमून नंगी आँखों से देखने पर आकार में सूक्ष्म अंतर दिखता है, लेकिन बढ़ी हुई चमक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।
- **ज्वार-भाटा पर प्रभाव:** सुपरमून ज्वार-भाटे को प्रभावित करता है, जिससे "पेरिगीन स्प्रिंग टाइड" बनते हैं। चंद्रमा का प्रबल गुरुत्वाकर्षण सूर्य के गुरुत्वाकर्षण के साथ मिलकर तटीय बाढ़ को बढ़ा सकता है, विशेषकर तूफ़ानी लहरों के साथ।

**सुपरमून का इतिहास:**


- 1970 के दशक में रिचर्ड नोले ने "सुपरमून" शब्द को प्रचलित किया था, जिसे बाद में खगोलविदों और मीडिया ने अपनाया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# WISPIT 2b - प्रोटोप्लेनेट

## चर्चा में क्यों?

- खगोलविदों ने WISPIT 2b नामक प्रोटोप्लेनेट की तस्वीर ली है। यह प्रोटोप्लेनेट अपने तारे WISPIT 2 के चारों ओर स्थित प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क के भीतर निर्मित हो रहा है।



## मुख्य बिन्दु:

- **प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क:** यह किसी नवनिर्मित युवा तारे के चारों ओर गैस और धूल का एक चपटा और घूमता हुआ डिस्क होता है। इसी से ग्रहों का निर्माण होता है।
- **प्रोटोप्लेनेट:** यह वह खगोलीय पिंड है जो धीरे-धीरे पदार्थ एकत्रित कर एक पूर्ण ग्रह के रूप में विकसित हो रहा होता है।

### WISPIT 2b

- यह गैसीय विशालकाय ग्रह है। इसका द्रव्यमान बृहस्पति के द्रव्यमान का लगभग पांच गुना है। इसकी आयु केवल 50 लाख वर्ष अनुमानित है।
- इसका नाम 'वाइड सेपरेशन प्लैनेट्स इन टाइम' नामक एक शोध कार्यक्रम के नाम पर रखा गया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

### चर्चा में क्यों?

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ऋण संबंधी 5 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए हैं। इन आवेदनों के तहत लगभग 10,907 करोड़ रुपये के ऋण की मंजूरी दी गई हैं।




### मुख्य बिन्दु:

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:**

- **लक्ष्य:** इस योजना के तहत देश के 1 करोड़ घरों में सब्सिडी पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का अभियान शुरू किया गया है। इन परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।
- **नोडल मंत्रालय:** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय।
- **विशेषता:** यह दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर पहल है।
- **सब्सिडी:** इस योजना के तहत आवासीय घरों और ग्रुप हाऊसिंग सोसयटी/रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सोलर पैनल लगाने के लिये सब्सिडी प्रदान की जाती है।
- विशेष राज्यों के लिए प्रति किलोवाट 10% अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना- 2021

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय और राज्य सहकारी बैंकों को 'रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना, 2021' के दायरे में लाया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने यह निर्णय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35A के तहत लिया है।




### मुख्य बिन्दु:

'रिजर्व बैंक - एकीकृत ओम्बड्समैन योजना (RB-IOS), 2021

- **उद्देश्य:** विनियमित संस्थाओं (REs) के ग्राहकों को त्वरित, किफायती और सक्षम वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करना।
- **कवरेज:** RBI की नई घोषणा से पहले इस योजना के दायरे में निम्नलिखित संस्थाएँ शामिल रही हैं-


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- o सभी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक, तथा 50 करोड़ रुपये की जमा-राशि वाले गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक।
- o ऐसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को छोड़कर) जो जमा राशि स्वीकार करती हों या कस्टमर इंटरफ़ेस रखने के लिए अधिकृत हों, और जिनकी परिसंपत्ति का आकार 100 करोड़ रुपये है।
- o सभी सिस्टम पार्टिसिपेंट्स-इसमें भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत भुगतान प्रणाली में भाग लेने वाले सिस्टम प्रोवाइडर शामिल हैं।
- o क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी।

■ **यह योजना RBI की निम्नलिखित तीन ओम्बड्समैन योजनाओं को एकीकृत करती है:**
- o बैंकिंग ओम्बड्समैन योजना, 2006
- o गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए ओम्बड्समैन योजना, 2018
- o डिजिटल लेनदेन के लिए ओम्बड्समैन योजना, 2019.

■ **यह योजना "एक देश, एक ओम्बड्समैन" के सिद्धांत पर आधारित है। अब RBI द्वारा विनियमित अलग-अलग क्षेत्रकों की संस्थाओं के लिए अलग-अलग शिकायत निवारण प्रणाली नहीं होगी।**

■ **शक्ति:** ओम्बड्समैन 20 लाख रुपये तक का मुआवजा का आदेश दे सकता है। साथ ही, वह शिकायतकर्ता के समय, खर्च और किसी भी मानसिक परेशानी या उत्पीड़न के एवज में 1 लाख रुपये तक का अतिरिक्त मुआवजा के भुगतान का आदेश भी दे सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## भौतिकी का नोबेल पुरस्कार: 2025

### चर्चा में क्यों?

- 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मानव स्तर पर क्वांटम गुणों की पहचान के लिए दिया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- संयुक्त राज्य अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों; जॉन क्लार्क, मिशेल एच. डेवोरेट और जॉन एम. मार्टिनिस को वर्ष 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

**पृष्ठभूमि**

- भौतिकी में प्रश्न यह रहा है कि किस अधिकतम आकार की प्रणाली में क्वांटम गुण प्रदर्शित किए जा सकते हैं।
- लंबे समय तक यह माना जाता रहा है कि यह आकार परमाण्विक और उप-परमाण्विक स्तरों तक सीमित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों ने 40 साल पहले किए गए अपने शोध में यह प्रदर्शित किया था कि क्वांटम मेकेनिक्स के सिद्धांत बड़े (मैक्रोस्कोपिक) स्तर पर भी देखे जा सकते हैं।
- उन्होंने यह व्यवहार मैकेनिकल टनलिंग और एनर्जी क्वांटाइजेश के प्रयोगों के माध्यम से सिद्ध किया।

**प्रयोग और शोध**

- क्वांटम मेकेनिक्स एक कण को क्वांटम टनलिंग नामक प्रक्रिया के माध्यम से एक अवरोधक के आर-पार गुजरने की अनुमति देती है।
- दूसरे शब्दों में, क्वांटम टनलिंग का मतलब है कि कण भौतिक दीवारों से होकर भी गुजर सकते हैं।
- इससे पहले, ऐसा अनूठा व्यवहार सूक्ष्म (माइक्रोस्कोपिक) स्तर पर ही देखा गया था।
- हालांकि, इन वैज्ञानिकों ने दिखाया कि बड़े (मैक्रोस्कोपिक) स्तर पर भी क्वांटम टनलिंग गुणों को प्रदर्शित करना संभव है।
- इसके लिए उन्होंने दो सुपरकंडक्टिंग अवयवों वाले एक विद्युत परिपथ का उपयोग किया, जिन्हें एक पतली गैर-चालक परत से अलग किया गया था।
- इस संरचना को जोसेफसन जंक्शन नाम दिया गया।
- इससे यह प्रणाली क्वांटाइज्ड हो गई यानी यह केवल निर्धारित, असतत मात्राओं में ही ऊर्जा को अवशोषित या उत्सर्जित कर सकती थी जैसा कि क्वांटम मैकेनिक्स में भविष्यवाणी की गई थी।

**महत्त्व**

- इस खोज का उपयोग क्वांटम कंप्यूटर, क्वांटम सेंसर और कंप्यूटर माइक्रोचिप्स में अगली पीढ़ी के ट्रांजिस्टर विकसित करने में किया जा सकता है।

**क्वांटम मैकेनिक्स**

- यह समझाती है कि अत्यंत सूक्ष्म वस्तुएँ एक साथ कण (पदार्थ के छोटे-छोटे टुकड़े) और तरंग (ऊर्जा को स्थानांतरित करने वाला दोलन या परिवर्तन), दोनों के गुण प्रदर्शित कर सकती हैं। इस परिघटना को तरंग-कण द्वैतता (Wave-Particle Duality) भी कहा जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **INS आन्द्रोथ**<br>■ भारतीय नौसेना ने नेवल डॉकयार्ड विशाखापत्तनम में INS आन्द्रोथ को कमीशन किया।<br><br><br>**INS एंड्रोथ**<br>■ यह INS अर्नाला के बाद दूसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है। यह गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE), कोलकाता द्वारा बनाए जा रहे 8 ASW-SWC में से एक है।<br>■ इसका नाम लक्षद्वीप के सबसे उत्तरी द्वीप 'आन्द्रोथ' के नाम पर रखा गया है। |
| 2. | **मास्को फॉर्मेट**<br>■ 7वीं मॉस्को फॉर्मेट बैठक में तालिबान अधिकारियों ने पहली बार औपचारिक रूप से भाग लिया।<br><br>**मॉस्को फॉर्मेट**<br>■ युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सुलह को सुविधाजनक बनाने के लिए एक क्षेत्रीय मंच के रूप में 2017 में स्थापित।<br>■ **सदस्य:** भारत, अफगानिस्तान, चीन, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, अफगान शांति और स्थिरता पर चर्चा करने के लिए। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR